# शहीद बेलमती चौहान
# राजकीय महाविद्यालय पोखरी
# (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल से सम्बद्ध

अल्फान्यूमेरिक कोडः **UK-08-039**

# रा0से0यो0 इकाई के स्वयंसेवियों द्वारा एक दिवसीय शिविरों (नियमित शिविर) के दौरान की गयी गतिविधियों की झलकियां

## सत्रः 2020—21


–ःप्रस्तुतकर्ताः–

डॉ. राम भरोसे
कार्यक्रम अधिकारी
रा.से.यो. इकाई, राजकीय महाविद्यालय
पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल

# 26 नवम्बर, 2020 'संविधान दिवस'

दिनांक 26.11.2020 को शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई के शुभारंभ के साथ'संविधान दिवस' के उपलक्ष्य में प्राचार्या प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव जी की अध्यक्षता में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा कार्यक्रम के आयोजन की झलकियाँ












राजकीय महाविद्यालय पोखरी में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई का शुभारंभ

November 28, 2020 | No Comments

**पोखरी (क्वीली):** राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्रथम एक दिवसीय ओरिएंटेशन कैंप का आयोजन किया गया।

राजकीय महाविद्यालय पोखरी में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई का शुभारंभ

कैंप की शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव व एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे द्वारा बच्चों को संविधान दिवस की शपथ दिलाकर की गयी। भारत के संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की महत्ता बताते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे ने कहा कि अपनी नागरिकता को बनाए रखने के लिए संविधान के प्रति सम्मान व सजग होना होगा।

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ० सेमवाल ने संविधान की प्रस्तावना पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व जिला समन्वयक प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्रों हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता और उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार और समाज को जोड़ने जैसा महत्वपूर्ण काम एन०एस०एस० के स्वयंसेवियों द्वारा किया जाता है।



टिहरी

## इस सत्र से राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई का शुभारंभ किया गया



**पोखरी...**

चर्चा की। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व जिला समन्वयक प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छात्रों हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता और उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार और समाज को जोड़ने जैसा महत्वपूर्ण काम एन०एस०एस० के स्वयंसेवियों द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव ने कहा कि एन०एस०एस० छात्रों के भावी जीवन मे उत्पादकता पैदा करने का महती कार्य करता है। इसलिए महाविद्यालय के अधिक से अधिक छात्रों को पंजीकरण कराना चाहिए। और भविष्य में एन०एस०एस० के समस्त कार्यक्रमों हेतु शुभकामनाएं ज्ञापित की।

इस कार्यक्रम में एन०एस०एस० के भावी कार्यक्रमों के विषय मे छात्र-छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ० विवेकानंद भट्ट, डॉ० बंदना सेमवाल, वरिष्ठ सहायक रचना राणा, कनिष्ठ सहायक रेखा नेगी, नरेंद्र बिजल्वाण आदि उपस्थित रहें।

# 01 दिसम्बर, 2020 'विश्व एड्स दिवस'

दिनांक 01.12.2020 को शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 दिसम्बर, 2020 विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ० राम भरोसे द्वारा कई कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयी। सबसे पहले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी से होते हुए पोखरी बाजार क्षेत्र तक सोशल डिस्टेनसिंग का ध्यान रखते हुए एड्स सम्बन्धी बीमारी से बचने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया। स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पोखरी के छात्रों को एड्स सम्बन्धित जानकारी से अवगत कराते हुए जागरूकता सम्बन्धी अलग अलग तख्तियां बनाकर लोगों को एड्स बीमारी से सम्बंधित जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों जागरूक किया। उसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व एड्स दिवस से सम्बंधित छात्रों ने पोस्टर बनाये, अंत में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।




विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा बनाएं गये पोस्टर




स्वयंसेवियों द्वारा तख्ती व स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए















Amar Ujala_G...

या हो रही कम : सीएमओ

**महविद्यालय के रा0से0यो0 के स्वयंसेवियों द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज पोखरी और पोखरी बाजार में क्षेत्रवासियों को जागरूकता अभियान चलाया गया**

# 17 दिसम्बर, 2020 'स्पर्श गंगा दिवस'

शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 17 दिसम्बर, 2020 स्पर्श गंगा दिवस मनाने हेतु एक दिवसीय केम्प का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता और विचार गोष्ठि का आयोजन भी किया गया। जिसमें स्पर्श गंगा दिवस से सम्बंधित छात्रों ने पोस्टर बनाये, अंत में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।










# 12 जनवरी, 2021 राष्ट्रीय युवा दिवस

**12 जनवरी, 2021 राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया—**














# 08 मार्च, 2021 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के सुअवसर पर महाविद्यालय की एन॰एस॰एस॰ के स्वयंसेवियों द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये गए

कार्यक्रम के दौरान भाषण का आयोजन भी स्वयंसेवियों द्वारा किया गया, जिनमें सिमरन, नेहा, निकिता, आकाश, प्रीती बिजल्वाण आदि ने प्रतिभाग किया. स्वयंसेवी अंजलि ने भ्रूण हत्या पर अपनी कविता प्रस्तुत की, जिसने पुरे सभागार को भावविभोर कर दिया. इसी क्रम में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग प्रमुख श्रीमती डॉ. सरिता देवी ने इस अवसर पर बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए स्त्री के लिए शिक्षा कितनी महतवपूर्ण है इसके बारे में अपने अनुभव् साझा किया, ऐसे ही अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक डॉ. बंदना ने भी इस अवसर अपने अनुभव साझा किए.

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम भरोसे ने आज के कार्यक्रम में स्वयंसेवियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से 'बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं' और भूर्ण हत्या जैसे गंभीर विषयों पर आधारित एनीमेशन मूवी प्रदर्शित की, जिससे बच्चो में इसके प्रति जागरूकता से बच्चे परिचित हो और इन कुरीतियों से बचा जाएँ. कार्यकम में महाविद्यालय की वरिष्ठ सहायक रचना राणा, इस अवसर पर अंकित कुमार ने कविता प्रस्तुत की और  नरेंद्रबिजल्वाण ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये. मूर्ति लाल और नरेश रावत भी कार्यक्रम में उपस्थित रहें.

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत महाविद्यालय की सत्र  2019-20 की सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्रीती चौहान को उत्तराखंड सरकार की ओर से 2500/- नगद राशि पुरुस्कार स्वरूप प्राचार्य द्वारा भेंट की गयी









GOVIND KRIPA

पोखरी महाविद्यालय में मनाया गया महिला दिवस

पोखरी, 8 मार्च (डा० राम भरोसे)


March 08, 2021

# 12 मार्च, 2021 'आजादी का अमृत महोत्सव'

दांडी मार्च दिवस के सुवसर पर महाविद्यालय की एन॰एस॰एस॰ इकाई द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया.

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने गांधी जी के विचारों की वर्तमान में प्रांसगिकता व महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सम्पूर्ण देशवासियों के लिए स्वावलम्बी बनने का संदेश दिया था वह संदेश आज भी उतना ही प्रांसगिक है. यदि हम स्वावलम्बी बनेंगे तो हमारी निर्भरता अन्यों पर से काम होगी और हम अपना जीवन सम्मान के साथ व्यतीत कर सकेंगे. एन॰एस॰एस॰ कार्यक्रम अशिकारी डॉ. राम भरोसे ने गांधी जी के सत्य अहिंसा के विचारों पर विस्तार से स्वयंसेवियों को अवगत कराया. राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. मुकेश सेमवाल ने गाँधी जी के राजनैतिक विचारों से स्वयंसेवियों को जानकारी दी. इसके बाद स्वयंसेवियों प्रियंका, किरनदीप, सपना, सिमरन, मनीषा पुण्डीर, अंजलि शिवानी द्वारा भाषण व काव्यपाठ प्रस्तुत किया गया.







